हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 14 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा,भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु 4



## खबर संक्षेप

### 18 तक चलेगा जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा

**जांजगीर-चांपा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 11 से 18 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य गर्भधारण के उचित समय एवं दो गर्भधारण के बीच उचित अंतराल को बढ़ावा देना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना तथा परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं के प्रति आमजन को जागरूक करना है। इसी क्रम में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट परिसर से जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा-2026 के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर परिवार कल्याण के साधनों, उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं तथा छोटे परिवार एवं जन्मांतराल के महत्व के संबंध में जनजागरूकता फैलाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनएचएम) उत्कर्ष तिवारी उपस्थित थे।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चौकी नैला थाना जांजगीर पुलिस ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी के मामले में 48 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को वार्ड क्रमांक 5, वीआईपी कॉलोनी, चौकी नैला निवासी ब्रजेश कुमार पाण्डेय ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उन्होंने अपनी होंडा लिवो मोटरसाइकिल क्रमांक एमएच 12 क्यूबी 0317 सुबह घर के बाहर खड़ी की थी, जो कुछ देर बाद अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सकरेली वार्ड क्रमांक 9 निवासी विनय कुमार सूर्यवंशी चोरी की लिवो बाइक अपने कब्जे में रखे हुए है। पुलिस ने दादी सती अस्पताल के पास से चोरी गई होंडा लिवो मोटरसाइकिल बरामद की गई, साथ ही घटना के दौरान आरोपी द्वारा उपयोग में लाई गई साइकिल भी घटनास्थल के पास से जब्त कर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 21 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बलौदा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान करमा दुकान और शासकीय उचित मूल्य दुकान अंगारखार दुकान के आबंटन के लिए 21 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की छायाप्रति के साथ 21 जुलाई शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

### कच्ची महुआ शराब के साथ महिला आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए 18 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को ग्राम चारपारा थाना मालखरौदा निवासी हिना महिलागें पति दिनेश महिलांगे के द्वारा अवैध रूप से अपने घर से महुआ शराब बेचने की शिकायत लगातार मिल रही थी। जिस पर महुआ शराब की बिक्री की पुष्टि होने पर हिना महिलाओं के घर की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 6 पीले प्लास्टिक जरिकेनों में भरा कुल 18 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपिया के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल दाखिला किया गया।

### एनएमसी टीम की निरीक्षण के पखवाड़े भर बाद मेडिकल कॉलेज को हरी झंडी

# मिल गई मंजूरी, जिले में इसी सत्र से प्रारंभ होगी एमबीबीएस की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर चांपा जिले में मेडिकल कॉलेज के संचालन को हरी झंडी मिल गई है। अनुमति रद्द होने के बाद पिछले दिनों एनएमसी की टीम ने यहां का निरीक्षण किया था और व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी ली थी। इसके पखवाड़े भर बाद मिली रिपोर्ट के आधार पर जिले में इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति मिल गई है। बताया जाता है कि सत्र 2026-27 में ही 50 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई होगी।

जिले में मेडिकल कॉलेज इसी सत्र से प्रारंभ हो जाएगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एन एम सी ) ने सोमवार 13 जुलाई को इसकी अनुमति दे दी है। शासकीय मेडिकल कॉलेज में 50 एमबीबीएस सीटों के साथ इसी शैक्षणिक सत्र से प्रवेश एवं संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही एमबीबीएस की पढ़ाई का अवसर मिलेगा।यह मंजूरी इसलिए भी विशेष महत्व रखती है क्योंकि लगभग एक माह पहले एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज के प्रस्ताव में अधोसंरचना, फैकल्टी, उपकरण तथा अन्य आवश्यक मानकों से जुड़ी कमियां बताते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। लंबे समय से जिले में मेडिकल कॉलेज की मांग की जा रही थी। परियोजना की घोषणा निर्माण कार्य और तैयारियों के बाद अनुमति नहीं मिलने से निराशा हुई थी। इसके बाद राज्य सरकार और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने युद्धस्तर पर कमियों को दूर किया। आवश्यक फैकल्टी की नियुक्ति की प्रक्रिया तेज की गई।अस्पतालों में संसाधन बढ़ाए तथा एनएमसी के निर्धारित मानकों को पूरा करने के लिए व्यापक सुधार किए गए । एन एम सी की टीम ने 24 जून को निरीक्षण किया। इसके बाद सोमवार 13 जुलाई को 50 सीट के साथ मेडिकल कॉलेज खोलने की अनुमति दे दी गई। अब मंजूरी मिलने के साथ जिले के हजारों विद्यार्थियों का सपना साकार होने जा रहा है।मेडिकल कॉलेज शुरू होने से जांजगीर-चांपा और सक्ती जिले के मरीजों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही जिला अस्पताल को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, विशेषज्ञ चिकित्सकों और अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। इससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। राज्य सरकार के अनुसार मेडिकल कॉलेज में इसी शैक्षणिक सत्र से 50 सीटों पर एमबीबीएस की पढ़ाई प्रारंभ कराने की तैयारी की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया नीट युजी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा की काउंसलिंग के माध्यम से पूरी की जाएगी।







### लाइवलीहुड कॉलेज में अस्थायी व्यवस्था

जिले में स्थायी मेडिकल कॉलेज परिसर के निर्माण की दिशा में भी कार्य तेजी से चल रहा है। ग्राम कुटरा में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य जारी है, जिसके लिए शासन द्वारा लगभग 357 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए वैकल्पिक भवन के रूप में लाइवलीहुड कॉलेज एवं हॉस्टल को चिन्हांकित कर आवश्यक मरम्मत एवं उन्नयन कार्य कराए जा रहे हैं, जो अब अंतिम चरण में हैं।मेडिकल कॉलेज के सुचारू संचालन हेतु जिला चिकित्सालय जांजगीर को डेवलप किया जा रहा है।

### इसी सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

एनएमसी की टीम पिछले दिनों निरीक्षण पर आई थी। जिला अस्पताल और पालीटेक्नीक और लाईवलीहुड कॉलेज में मेडिकल कॉलेज संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था का जायजा लिया। फेकल्टी भी मापदंडों के अनुसार पूरी की जा रही है। टीम की रिपोर्ट के आधार पर एनएमसी ने इसी सत्र से मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति दे दी है।

-डॉ. राकेश नहरेल,
डीन, मेडिकल कॉलेज जांजगीर



जब्त वाहन।

## नंबर प्लेट नहीं, एक ही दिन 42 बाइक चालक आए पकड़ में

### जांजगीर एवं चांपा पुलिस ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बिना नंबर प्लेट वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 42 बाइक की जब्ती बनाई गई है। सभी बाइक चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई जांजगीर एवं चांपा में की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस ने बिना नंबर प्लेट चलने वाले वाहनों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाते हुए एक ही दिन में 42 मोटरसाइकिलों को जब्त किया। सभी वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत विधिसम्मत कार्रवाई कर प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के मार्गदर्शन एवं सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना जांजगीर एवं थाना चांपा पुलिस के साथ यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान थाना कोतवाली जांजगीर प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता की पुलिस टीम ने 35 तथा थाना चांपा प्रभारी अशोक वैष्णव की पुलिस टीम ने 7, इस प्रकार कुल 42 बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिलों को जब्त किया। सभी मामलों में संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस ने अपने वाहनों पर वैध नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगाएं, आवश्यक दस्तावेज साथ रखें तथा सभी यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

## सड़कों पर दौड़ रहे केज व्हील लगे ट्रैक्टर, हादसों का खतरा



सड़कों पर दौड़ रही केज व्हील लगे वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

सड़कों पर केज व्हील लगे ट्रैक्टर इन दिनों बेरोकटोक दौड़ रही है। जिससे ना केवल हादसों का खतरा बना हुआ है बल्कि सड़क पर कीचड़ ही कीचड़ नजर आता है।

गौरतलब है कि इस समय सड़कों पर केज व्हील लगे ट्रैक्टर दौड़ रहीं है और खेत जुताई के दौरान पहिये में फंसें मिट्टी सड़क पर बिखर रहीं है। सड़क पर बिखरी मिट्टी पर दोपहिया, तीन पहिया और चार पहिये वाहन पर सवार लोग फिसल कर गिर भी रहें हैं। रात के समय भी ऐसे मार्ग पर आये दिन दुर्घटना होती रहतीं है। सिवनी सक्ती सड़क मार्ग पर जगह जगह खेत की मिट्टी फैली हुई है। खेत जुताई करने के बाद कैच व्हील लगे ट्रैक्टर जब सड़क पर आती है, तो पहिए पर चिपके मिट्टी के बड़े बड़े टुकड़े सड़क पर बिखर जाती है। इससे सड़क पर दौड़ रहीं दो पहिये, तीन पहिये और चार पहिया वाहन के पहिये पर मिट्टी चिपक रहीं है और सड़क मार्ग पर वाहन अनियंत्रित हो रहीं है और लोग फिसलकर सड़क पर गिर रहें हैं जबकि पक्की सड़क मार्ग पर कैच व्हील लगे ट्रेक्टर का परिचालन सख्त प्रतिबंधित है। फिर भी जिले में नियम का उलंघन करते हुए सड़क पर केज व्हील लगे ट्रेक्टर दौड़ रहीं है। केज व्हील लगे ट्रैक्टर दौड़ रहीं है और खेत जुताई के दौरान पहिये में फसें मिट्टी सड़क पर बिखर जा रहीं है। जिसकी वजह से मार्ग पर आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में यातायात विभाग को इस पर कार्रवाई करना चाहिए।

### चांपा में छात्राओं से अशोभनीय हरकत का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**चांपा।** बरपाली चौक क्षेत्र में स्कूल से लौट रही छात्राओं से अशोभनीय हरकत किए जाने का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक नाबालिग लड़के पर छात्राओं को अपने घर ले जाने और उनके साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही छात्राओं के परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद संबंधित नाबालिग को थाना चांपा ले जाकर पुलिस को सौंप दिया गया। थाना चांपा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एनएच-53 पर युवक से लूटपाट के 3 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुलिस ने एनएच-53 पर युवक से मारपीट कर मोबाइल, नकदी और जरूरी दस्तावेज लूटने वाले गिरोह का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अपचारी बालक भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, नकद रकम, 4 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी तथा वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की स्कूटी बरामद कर जब्त कर ली है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम तेतला निवासी कमल प्रसाद जांगड़े ने 11 जुलाई को पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 4 जुलाई की रात करीब 10:20 बजे वह रायगढ़ से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान लोहरसिंह पेट्रोल पंप के आगे मां मंगला नर्सिंग कॉलेज के पास एनएच-53 पर बिना नंबर की नीले रंग की स्कूटी में सवार तीन युवकों ने उसकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर उसके बैग व पर्स से 2 हजार 500 नकद, मोबाइल, 4 एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी लूटकर कोडातराई की ओर फरार हो गए।

### घर घुसकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी, 4 आरोपियो को 24 घंटे के अंदर भेजा जेल

**मालखरौदा।** घर के सामने प्रसाधन करने से मना करने पर 4 आरोपियों ने मिलकर एक युवक पर लाठी डंडे से मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना फगुरम चौकी का है। मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को प्रार्थिया ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका पुत्र गौरीशंकर जोशी को एक राय होकर घर अंदर घुसकर अश्लील गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देकर लाठी डण्डा से सिर एवं शरीर के अन्य भागो मे बेरहमी से मारपीट किया। जिसे ईलाज हेतु खरसिंया के पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट पर चौकी फगुरम थाना डभरा मे धारा 296, 115(2), 351(2), 333, 3(5) बी.एन.एस. कायम किया गया। इस दौरान 12 जुलाई को प्रकरण के फरार चल रहे फगुरम निवासी जगतराम ओगर, हिमालय प्रसाद, मोहन जोशी एवं रानु ओगर सभी निवासी ग्राम फगुरम चौकी फगुरम थाना डभरा जको गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## रेलवे स्टेशन का नाम आमनदुला-मालखरौदा किए जाने को लेकर सरपंचों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

आने वाले समय में खरसिया से नया रायपुर होकर परमलकशा तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का पांचवा छठवा रेल लाइन का निर्माण कार्य होना है।

गौरतलब है कि अनुविभाग अंतर्गत आने वाले अडभार, सकर्री, बुंदेली, करीगांव चंदेलदीह, सोनादुला अमनदुला सुलौनी गांव का जमीन का सर्वे किया जा चुका है साथ ही जमीन मालिकों के खसरा की जानकारी भी दिया जा चुका है। इसके अलावा राजस्व विभाग में 150 मीटर तक की दोनों और की जमीन को खरीदी बिक्री पर रोक लगाया गया है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी ना हो जाए वही जब नया रेल लाइन की घोषणा किया गया था, उस समय रेल विभाग द्वारा रेल लाइन मार्ग में बनने वाले रेलवे स्टेशन के स्थान का सूची जारी किया था। वही राजस्व विभाग द्वारा सर्वे कर सूची जारी किया गया है उसमें सकर्रा के नाम से प्रस्तावित रेलवे स्टेशन जहां के एक भी किसानों का नाम सूची में दर्ज नहीं है जबकि जिस जगह पर रेलवे स्टेशन बनाने की बात कहीं जा रही है। वहां का जमीन अमनदुला का है।

■ मांगों को लेकर गांव के लोग सांसद को भी करा चुके है अवगत

ऐसे में ग्राम पंचायत अमनदुला के सरपंच चित्ररेखा काठे ने रेलवे स्टेशन का नाम अमनदुला के नाम से किए जाने की मांग की है। अधिग्रहण किए जाने वाले जमीन में अमनदुला गांव के किसानों का भी जमीन पड़ रहा है तो दूसरी ओर मालखरौदा ब्लॉक मुख्यालय के सरपंच सावित्री रंजीत अजगल्ले ने मालखरौदा का नाम रेलवे स्टेशन में जोड़ने का मांग किया है तों मालखरौदा छेत्र के जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह ने बनने वाले स्टेशन में मालखरोदा का नाम शामिल किए जाने की मांग का ज्ञापन डीआरएम बिलासपुर को सौंपने की जानकारी दिया है ताकि पूरे भारत के रेल नेटवर्क में मालखरौदा का नाम प्रदर्शन हो ताकि मालखरौदा अनु विभाग को भी पहचान मिले तो सरपंच अमनदुला चित्ररेखा काठे जब गांव की जमीन में रेलवे स्टेशन बनना है तो स्टेशन का नाम अमनदुला ही रखा जाना चाहिए।

इस संबंध में मालखरौदा सरपंच सावित्री रंजीत अजगल्ले का कहना है कि सांसद कमलेश जांगड़े को नए बनने वाले रेलवे स्टेशन के नाम में मालखरौदा का नाम भी जोड़ने की मांग किए हैं ताकि ब्लॉक मुख्यालय को पहचान मिल सके।

### बुढ़गहन, सरई श्रृंगार, डोंगरी, बलौदा व पहरिया को किया चिन्हांकित

# दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त टीम ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंची अफसरों की टीम।

बलौदा क्षेत्र के दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। इस बीच सड़क दुर्घटना के मामलों को लेकर बुढगहन, सरई श्रृंगार, डोंगरी बलौदा आदि क्षेत्रों को ब्लेक स्पॉट चिन्हांकित किया।

ज्ञात हो कि सोमवार 13 जुलाई को जिले के बलौदा क्षेत्र के दुर्घटना जन्य एवं ग्रे स्पॉट क्षेत्र का अवलोकन कि किया। इस दौरान दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में पहुंचकर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, संकेतकों की उपलब्धता, मोड़ एवं ब्लैक स्पॉट की स्थिति का बारिकी से अवलोकन किया। जिले में सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए उनकी रोकथाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में 13 जुलाई को दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में थाना प्रभारी बलौदा निरीक्षक मनोहर सिन्हा, पीडब्लयूडी जांजगीर एसडीओपी, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंह, सब इंजीनियर अमित पटेल के साथ मिलकर किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना बलौदा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट जिसमें ग्राम बुडगहन, सराईसिंगार, डोंगरी बलौदा पहारिया के जहां पूर्व में सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और ऐसे स्थान को चिन्हांकित किया गया। निरीक्षण दौरान पाया गया कि तेज गति एवं यातायात नियमों का उल्लंघन, अपर्याप्त संकेतक, अपर्याप्त रोड मार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण, दृश्यता बाधित करने वाले मोड़ एवं कुछ स्थानों पर खराब सड़क संरचना को दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों के रूप में चिन्हित किया गया। संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय जैसे चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड ब्रेकर निर्माण, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए जाने की बात कही गई। साथ ही उपरोक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को पत्राचार किया जाएगा। री बेहार ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा।

## फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला का फोटो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर महिला की अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा महिला के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर उसकी अश्लील फोटो वायरल किए जाने की शिकायत पर थाना बलौदा में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखसागर कुर्रे को पकड़ा, पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि आरोपी श्रवण-बधिर है। इसलिए श्रवण- बधिर विशेषज्ञ की सहायता से उससे पूछताछ की गई। आरोपी ने सांकेतिक भाषा में बताया कि उसने यूट्यूब के माध्यम से इंस्टाग्राम चलाना सीखा तथा फर्जी आईडी बनाकर महिला की तस्वीरों को एडिट कर अश्लील फोटो तैयार किए और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### ज्ञानोदय स्कूल में प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण आयोजित



**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में सत्र 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम सेवानिवृत्त व्याख्याता दंपति अमरनाथ यादव एवं श्रीमती रमादेवी यादव के मुख्य आतिथ्य तथा विद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सिवनी के प्रतिष्ठित नागरिक स्व.रामाधार यादव एवं स्व. डॉ. बी.आर. यादव की स्मृति में व्याख्याता दंपति अमरनाथ यादव एवं श्रीमती रमा यादव द्वारा यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष दिया जाता है। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया तथा हर वर्ष की भाँति मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 5वीं आर्यन यादव एवं आशी राठौर कक्षा 8वीं ईशिता यादव कक्षा 10वीं सक्षम राठौर कक्षा 12वीं जिया सूर्यवंशी शामिल रहे।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कार्यालयीन स्टाफ, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में शिक्षिका सुश्री प्रिया कोसरे ने मुख्य अतिथियों, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावकों एवं उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने अमृत लाल



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा जांजगीर की बैठक 12 जुलाई को कर्मचारी भवन नहरिया बाबा रोड में हुई। बैठक में संघ का विस्तार करते हुए मनोज कुमार यादव जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा जांजगीर के द्वारा संघ संविधान में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अमृतलाल कुंभकार भृत्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा को ब्लॉक अध्यक्ष बलौदा छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा जांजगीर मनोनीत किया गया है। अमृत के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों में हर्ष व्याप्त है।

### प्रगतिशील छग सतनामी समाज ब्लॉक इकाई बम्हनीडीह का हुआ चुनाव



**बिर्रा।** प्रगतिशील छ ग़ सतनामी समाज ब्लॉक इकाई बम्हनीडीह का निर्वाचन 12 जुलाई को सतनाम भवन बिर्रा में हुआ। निर्वाचन अधिकारी दिनेश लाल जांगड़े प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रगतिशील छ ग़ सतनामी समाज रायपुर, यादराम हिरवानी, श्यामलाल सितारे दोनों सदस्य प्रदेश कार्य समिति , प्रगतिशील छ ग़ सतनामी समाज रायपुर भूषण खटकर जिलाध्यक्ष जांजगीर चांपा की उपस्थिति में निर्वाचन की कार्यवाही शुरू हुई, जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष के लिए दो प्रत्याशी रम्हैया खूंटे को टेबल पंखा, व राजेंद्र आजाद को ट्यूब लाइट वही सचिव पद के लिए जगदीश प्रसाद बंजारे को कलम, व ललित राम मनहर को दवात चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया, जिसमें अध्यक्ष के लिए रम्हैया खूंटे को 75 मत व राजेंद्र आजाद को 55 मत मिले। इस तरह रम्हैया खूंटे20 मत से वही सचिव पद के लिए जगदीश प्रसाद बंजारे को 77 व ललित राम मनहर को 53 मत प्राप्त हुआ जिसमें जगदीश प्रसाद बंजारे सचिव पद पर 24 मत से विजयी हुए। कुल मतदाता 174 में 132मत पड़े जिसमे एक मत निरस्त हुआ। चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने में जिला उपाध्यक्ष प्यारे लाल जांगड़े, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक जांगड़े का योगदान रहा। चुनाव में बिर्रा, तालदेवरी, सोनादह, बन डभरा, सेमरिया,बंसुला, देवरानी सिलादेही, बोरसी, नकटीडीह, रीवाडीह, रोहदा कपिस्दा, पचोरी, के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया के तहत ही किया गया। बाकी सभी पद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है, जिसमें दो उपाध्यक्ष एक महिला उपाध्यक्ष पूर्णिमा टंडन, कोषाध्यक्ष देवप्रसाद भारद्वाज,सह सचिव चंद राम चंद्रभाष, मीडिया प्रभारी विनोद खूंटे, प्रवक्ता रथ राम कोशले चुने गए।चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बेदराम खूंटे, हीरा राम बंजारे मया राम बंजारे, चंद राम टंडन श्यामलाल मनहर, हीरा लाल बघेल, अशोक ,बंधा, नंदू, राजू रामरतन, रामू, नवधा,माखन जोशी, रामकुमार जोशी फ़रित गोविंद, तीरीथ राम, चंद राम , गोविंदा पुरी राम, लोकेश्वर कमल , धन साय सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने क्लोरीन दवा डालने की मांग

# हैंडपंपों से निकल रहा दूषित पानी पेट दर्द व पतला दस्त के बढ़े मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम गोधना में इन दिनों पेयजल की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। गांव के कई हैंडपंपों एवं बोरवेल से दूषित पानी निकलने की शिकायत सामने आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदे पानी के सेवन के कारण गांव में पेट दर्द, उल्टी और पतला दस्त जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के मामले बढ़ने लगे हैं।

बरसात के मौसम में दूषित जल की समस्या ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। ग्रामीणों के अनुसार मिलन चौक सहित गांव के कई मोहल्लों के हैंडपंपों से मटमैला एवं दूषित पानी निकल रहा है। इसी कारण मिलन चौक निवासी देव कुमार साहू की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें पतला दस्त की शिकायत हुई। गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने के कारण उन्हें निजी अस्पताल में महंगा इलाज कराने के बजाय नवागढ़ स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उपचार कराना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई बच्चे, महिलाएं और पुरुष भी पेट दर्द एवं दस्त जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात



हैण्डपंप से निकलता दूषित पानी।

के दौरान जलजनित बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है, ऐसे समय में स्वास्थ्य विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा हैंडपंपों में क्लोरीन डालने तथा क्लोरीन की गोलियां एवं पाउडर का वितरण किया जाना चाहिए। लेकिन अब तक गांव में न तो क्लोरीन की गोलियों का वितरण किया गया है और न ही अधिकांश हैंडपंपों एवं बोरवेल में क्लोरीन डाली गई है। इससे लोगों में संक्रमण फैलने की आशंका और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल आदर्श ग्राम गोधना तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले के कई गांवों में दूषित पेयजल के कारण पेट दर्द और पतला दस्त के मामले सामने आ रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने से लोगों में असंतोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन तत्काल गांवों में क्लोरीनयुक्त दवाओं का वितरण कर सभी हैंडपंपों और बोरवेलों को संक्रमणमुक्त कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि जलजनित बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके। इस संबंध में ग्राम सरपंच अजय साहू ने बताया कि गांव के लिए क्लोरीन की दवा प्राप्त हो गई है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को बोरिंग मिस्त्री से संपर्क कर गांव के सभी बोरवेल एवं हैंडपंपों में क्लोरीन डलवाने की कार्रवाई कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते दूषित पेयजल की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो जलजनित बीमारियों का खतरा और बढ़ सकता है।

# शतरंज से विद्यार्थियों में होता है एकाग्रता निर्णय क्षमता एवं तार्किक सोच का विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, चांपा में सोमवार 13 जुलाई को ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।

- लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में ब्लॉक स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

प्रतियोगिता में बम्हनीडीह विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 35 प्रतिभागियों ने अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर लायंस इंटरनेशनल के प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक, लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के माइक्रो चेयरमैन लायन विष्णु गुप्ता, लायंस क्लब एजुकेशनल सोसाइटी, चांपा के चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायंस क्लब चांपा के अध्यक्ष एवं ज़ोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी, सचिव लायन वासुदेव चंद देवांगन,



शतरंज खेलती छात्राएं।

रीजन चेयरपर्सन लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ. जी.पी. दुबे तथा बम्हनीडीह विकासखंड के नोडल अधिकारी गिरिजा शंकर धीवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों के पीटीआई अखिलेश आदित्य, अशोक राठौर, विधान दुबे, मुकुंद कृष्ण पांडे एवं श्याम भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि पवन मलिक एवं एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, निर्णय क्षमता एवं तार्किक सोच का विकास करते हैं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अजिथा वी.के. के मार्गदर्शन में पी.ई. गौरव कटाकवार, पीटीआई निहाल पांडे एवं ओ.पी. पांडे ने प्रतियोगिता का सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया। पूरी प्रतियोगिता सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया।

# पशु सखियों को कराया दुग्ध संग्रहण केंद्र का भ्रमण, 28 क्रेडर्स लें रहीं ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

पशुधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक पंचायतों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत चयनित पशु सखियों को ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में पशुधन विकास विभाग के चिकित्सक द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पशु सखियों को क़ृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर, कृत्रिम गर्भाधान केंद्र जिला रोग पशु अनुसन्धान केंद्र जांजगीर और अकलतरा विकासखंड के अकलतरी गाँव में स्थित कल्याणी दुग्ध संग्रहण केंद्र तथा डेयरी का भ्रमण कराया गया।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान नन्दौरखुर्द के निदेशक जस्टिन दुमडुम व फेकेल्टी आशीष पाठक ने बताया कि शासन के निर्देश पर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में सक्ति जिले के सक्ति समेत जैजैपुर, डभरा और मालखरौदा आदि चारों विकासखंड के 28 पशु सखियों को वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी अकलतरा के डॉ एस एस सिदार द्वारा ए हेल्प प्रोग्राम के तहत पशुपालन को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जर्वे च जांजगीर, जिला पशु रोग अनुसंधान केंद्र जांजगीर, क़ृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर तथा अकलतरा विकासखंड के अकलतरी स्थित दुग्ध संग्रहण केंद्र तथा डेयरी का भ्रमण कराया गया।



डॉ एस एल ओग्रे ने कृत्रिम गर्भाधान, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस एस खैरवार ने पशुओं का खून, पेशाब और गोबर का प्रयोगशाला में परीक्षण हेतू नमूना लेने तथा केविके के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रमुख डॉ खेमादास महंत ने जैविक खेती, प्राकृतिक खेती में पशुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। भ्रमण में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव, डॉ एस एस सिदार,गणेश श्रीवास,डॉ प्रमोद सरपे, डॉ दीप्ती देवांगन, अनुशिखा थानापति,पशु सखी पुष्पा यादव,सरस्वती पटेल, क़ृषि सखी शिवकुमारी पटेल पड़रिया,आरसेटी सक्ति के प्रदीप साहू, मितेश साहू, चन्द्रकला कटारी,उत्तरा लहरे किरारी, पंच कुमारी रन पोटा, उमेंद बरेठ सोनादुला, माया यादव मलनी, लता सिदार नगझर, साधना चंद्रा खैरा, पूर्णिमा चंद्रा खैरा सुखदा, सुशीला यादव किरारी, गुरवारी कोसमंदा, रमला सारथी सकराली, ललिता सागर बेलदुला, संतोषी पटेल सिंघानसरा, फूलबाई देव गाँव, कंचन यादव छपोरा,शकुंतला पटेल किकिरदा, चनद्रिका बाई कैथा, लक्ष्मीबाई कुर्रे कुरदा उपस्थित थे।

# मठ मंदिर में रविवारीय राम कथा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

भगवान शिवरीनारायण की पावन धरा मठ मंदिर में रविवारीय राम कथा का आयोजन हुआ। अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने कहा कि - रविवारीय राम कथा का शुभारंभ मारुति मानस प्रचार समिति कसडोल से हुआ था। कालांतर में इसकी अनेक शाखाएं हुई जिसमें से एक यह शिवरीनारायण मठ का आयोजन भी है। इसके शुभारंभ के समय महन्त परमानंद दास महाराज का भी योगदान रहा है। वे भी इस



उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

आयोजन में यदा- कदा आया जाया करते थे। इसके पूर्व उन्होंने दीप प्रज्वलित कर रामायण जी की आरती के साथ रविवारीय राम कथा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रमुख मानस वक्ता के रूप में मानस मर्मज्ञ राधेकृष्ण दास बरगढ़ (उड़ीसा), भागवताचार्य योगेश शर्मा (शिवरीनारायण) भगत राम साहू, श्रीमती राम कुमारी साहू ग्राम मुड़पार, शिवकुमार द्विवेदी जैजैपुर, परस पटेल ग्राम दर्राभाठा, नेहरू प्रधान ग्राम कुम्हारी, कोमल साहू (व्याख्याता) नगर पंचायत खरौद, सीताराम डडसेन ग्राम पुरगांव, गंगाराम पटेल ग्राम कौवालाल, बिहारी लाल भारद्वाज खरौद, बहादुर श्रीवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक निरंजन लाल अग्रवाल शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सुखराम दास, त्यागी जी महाराज, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, खगेंद्र पांडे, भूपेंद्र पांडे,पुरेंद्र सोनी, हर्ष दुबे उपस्थित थे।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के विरोध में जिला कांग्रेस ने किय प्रदर्शन

**सक्ती।** राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा सोमवार 13 जुलाई को जिला मुख्यालय सक्ती में स्लोगन लिखे तख्ती के साथ कचहरी चौक, हटरी चौक ,राम मंदिर ,बाजार चौक से मुख्य मार्ग में नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेसजनो द्वारा प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गबेल,नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर , ब्लाक अध्यक्ष गण, रामप्यारे सिदार,श्याम केवट , गोपाल भारद्वाज, कुशल कश्यप , जिला



पदाधिकारी बलराम पांडे , गिरधर जायसवाल, पिंटू ठाकुर , ताम्रध्वज चंद्रा , कुसुम यादव , भुनेश्वर चंद्रा , अमर सिंह बनाफर, जीवन साहू, सन्नी यादव, घनश्याम देवांगन, ताराचंद साहू, मधुसूदन साहू,कुसुम, अमित राठौर, कुसुम अजगले,साधेश्वर गबेल, शांति साहू ,लखन चंद्रा , सुभान खान, नगर पंचायत अध्यक्ष कृष्णा रात्रे,भरत जलतारे, देवानंद जायसवाल , मनोज भी सिदार , रोहित सिधार, नंदा नायक ,राजेश लहरें , टीकाराम कुर्रे , जागेश्वरराज ,सीता जाटवर,मेला चंद्रा , रुक्मिणी चंद्रा, भगवती लाठिया, सत्यदेवी ,शिवचरण यादव , रुपेश गबेल , भरत श्रीवास ,प्रताप चंद्रा , राहुल भारद्वाज, विजय चंद्रा, अमरनाथ साहू , जितेंद्र बहादुर सिंह , अयोध्या भारद्वाज , आनंद चंद्रा, रामकुमार यादव ,नीलम चंद्रा, उमाशंकर चंद्रा , कार्तिक साहू भीष्म साहू कुंजराम साहू ,कालू अग्रवाल, भुरू अग्रवाल सहित जिले भर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# खड़ी कार को अज्ञात आरोपियों ने लगाई आग, जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय में वार्ड नंबर-15 गायत्री मंदिर गली के पास दो कारों को जला दिया गया। आगजनी के कारण व आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। घटना शनिवार-रविवार रात की है। घटना सिटी कोतवाली जांजगीर से चंद मीटर की दूरी की है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पानी टंकी के पीछे वाली गली में दो कार खड़ी थी, जिसे शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने दोनों कार को आग के हवाले कर दिया। इस आगजनी में दोनों कारें जलकर खाक हो गई। इसकी सूचना वाहन मालिक वेद मिश्रा पिता दिलीप मिश्रा एवं प्रकाश कश्यप ने थाने में दिया। पुलिस आगजनी का मामला दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

LAKHMI CHAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY
LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to CSVTU & Approved by AICTE
THINK EDUCATION THINK LCIT
Affiliated to | Approved by | Members of
Best College in the Region
LCIT Group of Institutions
Scan For A Brighter Future
ADMISSIONS OPEN 2026-27
ONLINE COUNSELLING PHASE – I

| Courses | Registration | Allotment | Admission |
|---|---|---|---|
| B.Tech Lateral<br>M.Tech<br>MCA<br>MBA | 14th July 2026 to 17th July 2026 | 21st July 2026 | 22th July 2026 to 24th July 2026 |

Courses Offered
B.Tech: • CSE • Civil • Mechanical • Electrical • ET&T • AI ML
M.Tech: • CSE • Civil (Environment)
MBA: • Human Resource • Marketing • Finance • System • Production & Operations
NEW COURSE — APPROVED — MCA Master of Computer Application
PLACEMENT HIGHLIGHTS
265+ Placements During 2024-2026 | ₹3.5 LPA Minimum Package | ₹5 LPA Average Package | 200+ Total Recruiters
OUR TOP RECRUITERS
TCS Tata Consultancy Services, AMNEX, OMNEXIA, AXIS BANK, ICICI Bank, FORBES MARSHALL, Dave AI, adani cement, & Many More
BEST PLACEMENTS
₹13.90 LPA B.Tech CSE Indian Air Force | Aryan Agney ₹13 LPA B.Tech CSE Dave AI | Soniya Jaiswal ₹10 LPA B.Tech CSE Voyatek | Princy Agrawal ₹10 LPA B.Tech Civil Water Resource Department (WRD) | Riya Kumari ₹5.5 LPA B.Tech ET&T UBER
CAMPUS LIFE
RASS GARBA | MH 43 INDIA BAND | EXCURSION TRIPS | INDUSTRIAL VISIT
Transport Facility | Computer Labs | Expert Faculty | Placement Assistance | Hostel Boys & Girls | AC Labs | Wi-Fi Campus | Digital Classrooms
+91 96850 91333, +91 95222 20113

## खबर संक्षेप

### एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



**कोरबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर कटघोरा स्थित राधा सागर तालाब एवं मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के दौरान परिषद के कार्यकर्ताओं ने तालाब और मंदिर परिसर की सफाई करते हुए प्लास्टिक एवं अन्य कचरे का संग्रह कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि एबीवीपी केवल छात्र हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभाती है। सभी ने स्वच्छ, सुंदर एवं जागरूक कटघोरा के निर्माण में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया। अभियान में नगर अध्यक्ष रूपा अलवानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरजीत सिंह राजपूत, नगर मंत्री सुमित साहू, नगर सहमंत्री आकाश साहू, उत्कर्ष दुबे, एसएफएस प्रमुख ऋषिवेद विश्वकर्मा, महाविद्यालय प्रमुख ध्रुव तिवारी, सोशल मीडिया प्रमुख प्रियांशु प्रजापति, विनय वैष्णव, नरेश साहू एवं सौरभ कुंडे सहित बड़ी संख्या में अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बजरंग दल ने कुआंभट्टा में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**कोरबा।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा नियमित कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। निगम के नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत कुआंभट्टा के सामुदायिक भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ प्राप्त हुआ। मीना देवी जैन मेमोरियल हॉस्पिटल ट्रांसपोर्ट नगर के संचालक डॉक्टर प्रिंस जैन और उनकी टीम ने इस हेल्थ कैंप में अपनी सेवाएं दी। मौसमी बीमारियों के अलावा अन्य समस्याओं से जूझ रहे लोग पहुंचे। डॉक्टर ने उनका ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट के अलावा स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई। लोगों को इस मौसम में आवश्यक रूप से रखी जाने वाली सावधानियां के बारे में अवगत कराया गया। काफी संख्या में लोग इस शिविर से लाभान्वित हुए। कैंप का समन्वय राणा मुखर्जी, राज नारायण गुप्ता सहित ने किया।

### विद्यालय किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे मजबूत आधार होता है : मुखर्जी



**कोरबा।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल खरमोरा में कक्षा नर्सरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए नए शैक्षणिक सत्र का स्वागत कर शुभारंभ किया गया। अपने जीवन के पहले स्कूली सफर पर निकले इन छोटे बच्चों के स्वागत के लिए विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे फूलों, गुब्बारों और मनमोहक कट-आउट्स से एक उत्सव की तरह सजाया गया था। स्कूल के मुख्य द्वार पर तिलक लगाकर बच्चों का अभिनंदन किया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए एक बेहद खूबसूरत और रचनात्मक फोटो बूथ भी बनाया गया था। विद्यालय प्रबंधन के प्रमुख श्री हेमंतो मुखर्जी ने इस अवसर पर सभी नव-प्रवेशित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के समग्र विकास के लिए स्कूल और परिवार का यह अटूट साझा प्रयास बेहद महत्वपूर्ण है।

# एक साल बाद भी अस्तित्व में नहीं आ सकी दुग्ध सहकारी समितियां

## एक वर्ष पूर्व दुग्ध उत्पादन बढ़ाने बनाई गई थी समितियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और मवेशी पालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से एक वर्ष पूर्व दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया गया था। अब तक ये समितियां गठन के बाद से लेकर अस्तित्व में नहीं आ सकी हैं। केवल कागजों में ही समितियों का संचालन हो रहा है।

दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए पशुधन विकास विभाग और सहकारी विभाग के द्वारा राज्य शासन के निर्देश पर दुग्ध सहकारी समितियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके लिए मवेशी पालकों से एवं दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों को समितियों से जोड़ने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इस अभियान के परिणाम स्वरूप 5 समितियों में गठन हुआ। जिनमें करतला, पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लाक के मवेशी पालक सामने आए। उसके बाद से इनके द्वारा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रूझान नहीं दिखाया गया। परिणाम स्वरूप समितियां केवल कागजों में ही गठित हो गईं और मैदानी क्षेत्र में कहीं भी समितियां संचालित नहीं हो रही हैं। समिति गठन के साथ इनके व्यवस्था को लेकर भी वित्तीय सहायता देने का भी प्रावधान था। इसके बाद भी स्थानीय निवासियों ने अपनी रुचि नहीं दिखाई। केवल विभागीय बैठकों तक ही समितियों के सक्रियता को लेकर रणनीति बनती रही।

**खास बातें**

- ग्रामीण समितियों के संचालन में नहीं ले रहे हैं रुचि
- मवेशी पालकों को जोड़ा गया था समितियों से



**ऐसे बढ़ती दुग्ध उत्पादकों की आय**

गुजरात के तर्ज पर प्रदेश में भी दुग्ध उत्पादन के लिए सहकारी समितियां बनाई जा रही हैं। ग्रामीण अंचल में समिति बनाने का उद्देश्य यह था कि दूध खरीदने वाली निजी कंपनियां ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर दूध की खरीदी करती। वर्तमान में प्रदेश में देवभोग सहकारी समिति के द्वारा प्रदेश के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों से दूध खरीदी का कार्य किया जा रहा है। जिले में भी ऐसी ही प्रक्रिया शुरू की जानी थी। किन्तु मवेशी पालकों और किसानों ने रुचि नहीं दिखायी।

## 15 जुलाई के बाद ईकेवायसी पर लग सकती है रोक

# राशन कार्ड में दर्ज 77 हजार सदस्य अभी भी नहीं करा सके केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईकेवायसी के दौर में राशन कार्ड केवायसी के मामले में अब नया अपडेट सामने आ रहा है। पिछले एक साल से चल रही इस प्रक्रिया से 77 हजार ऐसे हैं जो ईकेवायसी की प्रक्रिया से बाहर बताए गए हैं। वहीं 15 जुलाई से इस प्रक्रिया पर रोक लगने की भी जानकारी सामने आई है।

राशन कार्ड एपीएल, बीपीएल के साथ अंत्योदय राशन कार्ड के लिए भी ई केवायसी प्रक्रिया एक साल से चल रही है और लगातार इसकी अवधि भी बढ़ाई जा रही है। उसके बावजूद राशन कार्ड में दर्ज बहुत से सदस्य ई केवायसी की प्रक्रिया से बाहर हैं। जिनके नाम से जारी होने वाली खाद्यान्न सामग्री पूर्व से विभाग के द्वारा बंद कर दी गई है और अब 15 जुलाई के बाद ईकेवायसी नहीं कराने वाले सदस्यों के नाम हटाये भी जा सकते हैं। पिछले एक साल पहले से यह प्रक्रिया चल रही है। च्वाइस सेंटर से लेकर पीडीएस दुकानों में अनवरत इस प्रक्रिया को चलाया गया। खाद्य विभाग के द्वारा भी इसके लिए सूचना जारी कर ई केवायसी कराने लोगों को आफिस में आगे आने के लिए आह्वान भी किया गया। इसके बावजूद इस प्रक्रिया में तेजी नहीं आ सकी और अभी भी ऐसे 77 हजार सदस्य ई केवायसी नहीं करा सके हैं। इनके नाम अब रिकार्ड से हटाये जाएंगे।

**खास बात**

- हट सकते हैं राशन कार्ड से केवायसी नहीं काराने वालों के नाम



पीडीएस दुकान से खाद्यान्न सामग्री लेते हितग्राही।

**पीडीएस दुकानों में हो रहा ईकेवायसी**

हितग्राही पीडीएस दुकानों में जाकर अपना ई केवायसी करा सकते हैं। इसके अलावा खाद्य विभाग की वेबसाइट में तथा एंड्रायड एप अपलोड कर ईकेवायसी करा सकते हैं।
-**घनश्याम कंवर**, खाद्य अधिकारी

**कुल कितने चल रहे राशन कार्ड**

जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत 3 लाख 60 हजार 867 राशन कार्ड संचालित हैं। जिसमें एपीएल, बीपीएल के साथ अंत्योदय राशन कार्ड भी हैं। इन राशन कार्डों में 11 लाख 66 हजार 314 सदस्य दर्ज हैं। इनमें से एक साल पहले तक एक लाख 987 सदस्यों ने अपना ई केवायसी नहीं कराया था। लगातार प्रयास करने के बाद 33 हजार सदस्य एक साल के दौरान अपना ई केवायसी करा सके।

**वन नेशन वन कार्ड की समय सीमा समाप्त**

वन नेशन वन कार्ड के लिए भी शासन की ओर से ई केवायसी कराने हेतु 30 जून तक का समय दिया गया था। उसे भी लगातार बढ़ाते हुए समय दिया गया। इस अवधि में भी अधिकांश राशन कार्डधारियों ने इसका लाभ उठाया है। अब ईकेवायसी कराने की अवधि भी 15 जुलाई के बाद समाप्त हो सकती है।

# बांकीमोंगरा थाने में खड़े ट्रेलर से जेक रॉड सहित अन्य सामानों की चोरी



वह ट्रेलर जिससे हुई सामानों की चोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


खनिज विभाग ने एक ओवरलोड के मामले में ट्रेलर वाहन पर कार्यवाही की थी और ट्रेलर को बतौर सुरक्षार्थ बांकीमोंगरा थाना परिसर में खड़ा किया गया था। ट्रेलर के केबिन का शीशा तोड़कर कथित रूप से अज्ञात चोर सामान चोरी कर ली है। मामला सामने आने के बाद भी पुलिस भी टेंशन में है आखिर यह घटना हुई कैसे। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले से पर्दा उठेगा।

बांकीमोंगरा थाना के कुदरीपारा निवासी संजय यादव की 18 चक्का ट्रेलर क्रमांक सीजी 30 एफ 8112 को 20 जून को खनिज विभाग ने अवैध गिट्टी परिवहन के मामले में जब्त किया था। कार्रवाई के बाद वाहन को पुलिस अभिरक्षा में बांकीमोंगरा थाना परिसर में खड़ा कराया गया था। इस बीच कई बार गाड़ी मालिक अपने गाड़ी का हालचाल जानने थाना पहुंचा था जहां सभी सामान सुरक्षित थे। बताया जाता है कि संजय यादव रविवार की सुबह 11 बजे जब पुनः थाना पहुंचा तो उसने देखा कि ट्रेलर के केबिन का कांच टूटा मिला। अंदर जाकर जांच करने पर वाहन के केबिन में रखा जैक-रॉड, साउंड बॉक्स समेत अन्य सामान चोरी हो चुके थे। इस मामले को लेकर बांकीमोंगरा थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने बताया कि घटना सामने आयी है पुलिस द्वारा मामले की बारिकी से जांच की जा रही है जिस तरह से घटना हुई है, घटना पुलिस के गले नहीं उतर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

# जल आपूर्ति बाधित होने और गंदे पानी की आपूर्ति से बिजली कर्मियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित आवासीय कालोनी के 14 ब्लॉक स्थित मकानों में लंबे समय से जल आपूर्ति बाधित है। निर्धारित समय की जगह 15 मिनट जल आपूर्ति की जा रही है। हद तो तब हो गई जब नलों से गंदा एवं दूषित पानी की आपूर्ति की जाने लगी। इससे आक्रोशित बिजली कर्मचारियों ने सिविल विभाग के सहायक अभियंता को शिकायत पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी है कि अगर समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो विभाग के खिलाफ आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।



नल से आता गंदा पानी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के कोसाबाड़ी स्थित विभागीय कालोनी में पिछले कई महीनों से पर्याप्त मात्रा में जल की आपूर्ति नहीं की जा रही है। महज कुछ समय के लिए जल आपूर्ति हो रही है उसमें भी नलों से गंदा व दूषित पानी पहुंच रहा है। कालोनीवासियों का कहना है कि 6 महीने पहले भी लिखित शिकायत देकर स्वच्छ पेयजल, नियमित जलापूर्ति और मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई थी। इसके बाद भी कई बार आवेदन और पत्र दिए गए, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने न तो समस्या का स्थायी समाधान किया और न ही मौके पर प्रभावी कार्रवाई की। लगातार अनदेखी से बिजली कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि नलों में मुश्किल से 15 मिनट पानी आता है और वह भी इतना गंदा कि पीने तो दूर, घरेलू उपयोग के योग्य भी नहीं रहता। बरसात में पानी की गुणवत्ता और खराब हो गई है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। विद्यालय खुलने के बाद सुबह बच्चों को तैयार करना, भोजन बनाना, कपड़े धोना और दैनिक कार्य करना भी बड़ी चुनौती बन गया है।

# नशे में धुत युवक गिरा कुएं में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शराब के नशे में धुत्त एक 27 वर्षीय युवक अपने घर के आंगन में बने कुंआ से पानी निकालने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सीधे कुएं में जा गिरा। जब तक उसे बाहर निकाल जाता तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगापुर बस्ती की है। यहां निवासरत अभिषेक खलखो 27 वर्ष पिता अगस्तु खलखो आदतन शराबी था और शराब के नशे में धुत्त था। बताया जाता है कि वह अपने घर के कुएं में पानी निकालने के लिए पहुंचा था और पानी निकालने के दौरान अचानक उसका पैर स्लिप हो गया और वह सीधे कुएं में गिर गया। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजन दौड़कर कुएं के पास पहुंचे और देखा कि कुएं में अभिषेक गिर गया है और उसे बचाने की कावयद शुरू की गई। किसी तरह अभिषेक को कुंआ से बाहर निकाला गया और उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दी है।

### बस चालक ने ठेले गुमटियों में चढ़ा दी बस

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र में बीती रात एक बस में बराती को बैठाकर ले जा रहा था। बताया जाता है कि बस चालक नशे में धुत्त होकर बस चला रहा था। इसी बीच बस चालक बस से अपनी नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे बनी गुमठीनुमा दुकानों में घुसा दी। इस घटना में कई छोटे दुकानदारों को नुकसान पहुंचा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जब्त कर लिया है।

### उतरदा जयंती नगर बसाहट हरदीबाजार वासियों को नहीं आ रही रास

**हरदीबाजार।** हरदीबाजार में एक फिर एसईसीएल दीपका प्रबंधन के मनमानी, पार्दर्शिता नहीं रखने के विरोध में रैली प्रदर्शन कर जनजागरण किया गया। रैली में एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा जो बसाहट स्थल उतरदा जयंती नगर निर्धारित किया गया है,उसकी सड़क कनेक्टिविटी बलौदा मार्ग बुडगहन सड़क में जोड़ने जिससे कोरबा मुख्यालय आने जाने में काफी समस्या होगी और अन्य कोई सड़क नहीं,सभी शासकीय भवनों का निर्माण उतरदा में होने जिससे बसाहट स्थल जयंती नगर को निरस्त कर उतरदा पंचायत अंतर्गत नए बाईपास सड़क किनारे लगी स्थल को देने की मांग की है। नए मकानों पर 40 फीसदी मुआवजा को 100 फीसदी देने, नौकरी की कट ऑफ लिस्ट जारी कर नौकरी के लिए पात्र लोगों का नाम सार्वजनिक करने, कितने किसान भूस्वामी एसईसीएल दीपका प्रबंधन से प्रभावित हो रहे है ।

### नहर पुल से टीपी नगर तक शाम 5 बजे के बाद नहीं गुजर सकेंगे भारी वाहन

**कोरबा।** पावर हाउस रोड नहर मार्ग व चौक पर लगते जाम के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सख्त फैसला लेते हुए बसों और ट्रैक्टरों की एंट्री पर शाम 5 बजे से प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर के आदेश के बाद अब यह व्यवस्था अगले आदेश तक लागू रहेगी। यह आदेश पिछले साल जारी किया गया लेकिन इस अमल इस साल भी नहीं हो सका है। नई व्यवस्था के तहत कहा गया था कि चांपा की ओर से आने वाली बसें ओवर ब्रिज, राताखार और स्टेडियम रोड होते हुए नए बस स्टैंड पहुंचेंगी। बिलासपुर और हरदीबाजार की ओर से आने वाली बसें सर्वमंगला पुल, राताखार बायपास और स्टेडियम रोड के रास्ते संचालित होंगी। गिट्टी, मिट्टी, सीमेंट और अन्य निर्माण सामग्री लेकर शहर में प्रवेश करने वाले ट्रैक्टर अब सीतामढ़ी, ओवर ब्रिज, राताखार, तुलसी नगर, स्टेडियम रोड और सीएसईबी चौक से होकर अपने गंतव्य तक जाएंगे। वापसी भी इसी मार्ग से करनी होगी। प्रशासन ने साफ किया था कि आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस को नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश भी दिए गए। यह आदेश/निर्देश रद्दी की टोकरी में जाता दिख रहा है। शहरवासियों का कहना है कि सिर्फ बस और ट्रैक्टरों पर रोक लगाने से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी।

# दलकी तालाब की रिटेनिंग वॉल दूसरे ही साल ढही, निर्माण कार्य पर उठे सवाल

**मड़वारानी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत नोनदरहा के दलकी तालाब में समुदाय की सुरक्षा और तालाब के संरक्षण के लिए बनाया गया रिटेनिंग वॉल बारिश की पहली बड़ी परीक्षा में ही धराशायी हो गया। निर्माण के दूसरे ही वर्ष दीवार का एक हिस्सा टूटकर तालाब में जा गिरा, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता और पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रिटेनिंग वॉल का निर्माण बेहद घटिया गुणवत्ता से कराया गया। जिस दीवार का उद्देश्य तालाब के तटबंध को सुरक्षित रखना था, वह खुद ही बारिश का दबाव नहीं झेल सकी।

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing 15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप


### बंदोरा में कक्षा 9वीं की छात्राओं को वितरित की गई साइकिल




**मालखरौदा।** शासकीय लाल बहादुर शास्त्री उच्च माध्यमिक विद्यालय, बंदोरा में कक्षा 9वीं की छात्राओं को राज्य शासन की निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बंदोरा के सरपंच नवधा राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेश गवेल, वरिष्ठ नागरिक प्रेमलाल वर्मा, संस्था के प्राचार्य रूपलाल भारद्वाज, व्याख्याता गिरिजाशंकर साहू, रेवती रमण साहू, सुरेन्द्र कुमार ओग्रे, अशोक कुमार धीरहे, पुष्पेन्द्र कुमार सिदार, नीरज कुमार निर्मलकर एवं केवरा सिंह सिदार, सहायक शिक्षक बृजेश शर्मा एवं श्रीमती बेलकुमारी साहू, व्यावसायिक प्रशिक्षक पंकज शर्मा, कु. सुभद्रा, संस्था के समस्त कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच नवधा राम वर्मा ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा वितरित साइकिलों का उचित रखरखाव करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है

### मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति क्षेत्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि : पाण्डेय

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 50 सीटों वाले मेडिकल कॉलेज को स्वीकृति मिलने पर भारतीय



जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता इंजीनियर रवि पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे पूरे जांजगीर-चांपा जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने ही जिले में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही जिले एवं आसपास के क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता बढ़ेगी, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार होगा तथा रोजगार और विकास के नए अवसर भी सृजित होंगे। इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार पर निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जांजगीर को मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलना इस क्षेत्र के लंबे समय से चले आ रहे सपने के साकार होने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संस्थान की स्वीकृति नहीं, बल्कि जांजगीर-चांपा के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। आने वाले समय में इससे जिले के युवाओं, मरीजों और पूरे अंचल को व्यापक लाभ मिलेगा तथा स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जांजगीर नई पहचान स्थापित करेगा।

### विधायक की पहल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगेगा आधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर

**जांजगीर-चांपा।** किसी अपने को खोने का दुख जितना असहनीय होता है, उससे कहीं अधिक



पीड़ादायक तब हो जाता है जब शोक की घड़ी में आवश्यक सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़े। पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी इसी पीड़ा को समझते हुए विधायक शेषराज हरबंश ने मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विधायक निधि से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ के लिए एक आधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर (मर्चुरी यूनिट) उपलब्ध कराया जाएगा। अब तक क्षेत्र में इस सुविधा के अभाव में दुर्घटना, असमय मृत्यु अथवा पोस्टमार्टम जैसी परिस्थितियों में शव को सुरक्षित रखने के लिए परिजनों को जिला अस्पताल जांजगीर या अन्य स्थानों तक जाना पड़ता था। इससे आर्थिक बोझ बढ़ने के साथ शोकाकुल परिवारों को मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता था। नई सुविधा शुरू होने के बाद पामगढ़ सहित आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा मिल सकेगी। क्षेत्रवासियों ने विधायक की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनहित, मानवीय संवेदना और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। आधुनिक डेड बॉडी फ्रीजर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ में रखा जाएगा। इससे जरूरत पड़ने पर शवों को सुरक्षित रखा जा सकेगा और परिजनों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य व्यवस्था में यह सुविधा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है।

### अभिभावकों की बढ़ी चिंता, शीघ्र टीचर व्यवस्था करने की मांग

# तुस्मा हाई स्कूल में तीन विषयों के शिक्षक नहीं, बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

तुस्मा के शासकीय हाईस्कूल में तीन विषयों के शिक्षक नहीं है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर अभिभावकों ने जल्द से जल्द शिक्षकों की पदस्थापना करने की मांग की है।




ज्ञात हो कि सरकार एक ओर सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुस्मा का शासकीय हाई स्कूल इन दावों की हकीकत बयां कर रहा है। यहां लंबे समय से हिंदी,संस्कृत और सामाजिक विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों की कमी बनी हुई है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है और अभिभावकों में भी भविष्य को लेकर चिंता बढ़ने लगी है। विद्यालय में तीन प्रमुख विषयों के नियमित शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई बार अन्य शिक्षक अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाकर कक्षाएं संचालित करने का प्रयास करते हैं, लेकिन विषय विशेषज्ञ के अभाव में विद्यार्थियों को वह गुणवत्ता नहीं मिल पा रही है जिसकी उन्हें आवश्यकता है। परिणामस्वरूप कई छात्र बुनियादी विषयों की समझ से भी वंचित रह जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हिंदी जैसे विषय की मजबूत नींव ही विद्यार्थियों के भविष्य की आधारशिला होती है, लेकिन यहां कई विद्यार्थियों को हिंदी व्याकरण की मूलभूत जानकारी तक नहीं मिल पा रही है। संस्कृत और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों की पढ़ाई भी नियमित रूप से नहीं हो पा रही है। ऐसे में बोर्ड परीक्षाओं और आगे की प्रतियोगी परीक्षाओं में इन विद्यार्थियों के सामने कठिनाइयां खड़ी होना स्वाभाविक है। अभिभावकों का कहना है कि वे यह सोचकर अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजते हैं कि वहां सभी विषयों की नियमित पढ़ाई हो रही होगी। अधिकांश अभिभावकों को यह जानकारी भी नहीं होती कि किन विषयों के शिक्षक विद्यालय में उपलब्ध हैं और किनके नहीं। जब उन्हें शिक्षकों की कमी की जानकारी मिलती है तो बच्चों के भविष्य को लेकर उनकी चिंता और बढ़ जाती है। हाई स्कूल स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। यही वह समय होता है जब विद्यार्थियों की बुनियाद मजबूत होती है और वे उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की दिशा में आगे बढ़ते हैं। यदि इस स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिलेगी तो आगे चलकर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए निजी स्कूलों के विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है,लेकिन जब विद्यालयों में स्वीकृत पदों पर शिक्षक ही उपलब्ध नहीं होंगे तो इन योजनाओं का उद्देश्य अधूरा रह जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने मांग की है कि शासकीय हाई स्कूल तुस्मा में हिंदी, संस्कृत और सामाजिक विज्ञान विषयों के नियमित शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति की जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई तो इसका नुकसान पूरे क्षेत्र के विद्यार्थियों को लंबे समय तक उठाना पड़ेगा।

## अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार उत्कृष्ट विधायक के लिए नामित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को वर्ष 2025-26 के लिए उत्कृष्ट विधायक के रूप में नामित किया है। इसकी घोषणा छत्तीसगढ़ विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की। यह सम्मान विधानसभा में जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने, सार्थक एवं सक्रिय सहभागिता तथा उत्कृष्ट संसदीय कार्यों के लिए प्रदान किया जा रहा है। श्री सिंह के नाम की घोषणा होते ही उनके समर्थकों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह को यह प्रतिष्ठित सम्मान राज्यपाल के हाथों से प्रदान किया जाएगा।



- विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने की घोषणा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह अपनी तथ्यपरक और आंकड़ों पर आधारित प्रभावी प्रस्तुति के लिए विधानसभा में विशेष पहचान रखते हैं। जनहित से जुड़े विषयों पर वे पूरी तैयारी, प्रमाण और तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हैं, जिससे उनकी आवाज़ सदन में गंभीरता से सुनी जाती है। गौरतलब है कि पहली बार विधायक बनने के बाद ही अपने दूसरे वर्ष में उत्कृष्ट विधायक के लिए नामित होना राघवेंद्र कुमार सिंह की सक्रिय कार्यशैली, जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और सदन में प्रभावशाली भूमिका का प्रमाण है। यह उपलब्धि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## केरा पहुंचने पर मार्कफेड के प्रबंध संचालक का ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ केरा

ग्राम केरा की आराध्य देवी मां चंडी के दर्शन के लिए जांजगीर-चांपा जिले के पूर्व कलेक्टर एवं वर्तमान प्रबंध संचालक (मार्कफेड) तथा मिशन संचालक, जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ जितेन्द्र कुमार शुक्ला पहुंचे। यहां ग्रामवासियों ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। श्री शुक्ला की सरल एवं जनहितैषी व्यक्तित्व ने सदैव लोगों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर तहसील शिवरीनारायण के नायब तहसीलदार चंद्र प्रकाश साहू, जनपद सभापति अखिलेश भीष्म, गोपाल धीवर जिला मछुवारा प्रकोष्ठ सह संयोजक, नवीन भीष्म मछुवारा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष, समीर साहू, उत्तम साहू, सदानंद भीष्म, भागी पटेल एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## संगठन सर्वोपरि की भावना के साथ पूरी निष्ठा एवं समर्पण से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अकलतरा की परिचयात्मक बैठक ग्राम कोटमीसोनार में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- संगठन विस्तार पर हुआ मंथन, भाजपा ग्रामीण मंडल अकलतरा की परिचयात्मक बैठक संपन्न

बैठक का मार्गदर्शन विधानसभा प्रभारी शशांक शर्मा, जिला महामंत्री नन्द चौधरी, मंडल प्रभारी विकास शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष ने किया। सभी वक्ताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, प्रत्येक बूथ को सशक्त करने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा पार्टी की आगामी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर अपने-अपने विचार रखे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन सर्वोपरि की भावना के साथ पूरी निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं के उत्साहपूर्ण सहभाग से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का संकल्प लिया गया। अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन सर्वोपरि के मंत्र के साथ आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आनंद प्रकाश मीरी, जिला पंचायत सदस्य महादेव नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुनदेव अघरिया, जनपद पंचायत सदस्य मन्नू पटेल, बीरू पाटले, देवकुमार अघरिया, संजय सिंह, पुष्पेंद्र थवाईत, मोनिका ऋतुपर्ण सिंह, हैवस राम टांडे, मंडल महामंत्री सुबोध थवाईत, जितेंद्र कौशिक, ललित सोनी, विजय मिश्रा, प्रभा सिंह, राधेश्याम साहू, रमा मीरी, नीलिमा मीरी, सूरज सांडे, ईश्वर बारमते,विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सक्ती नगर पालिका में आज होगा नामांकित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह

**सक्ती।** नगर पालिका परिषद सक्ती के सभागार में मंगलवार 14 जुलाई को नामांकित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह समारोह शाम 4 बजे नगर पालिका परिषद परिसर में आयोजित होगा। समारोह में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नामांकित पार्षद दीपक गुप्ता, सुमित शर्मा, दादू केवट, सुषमा केसर एवं सुशीला गबेल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने शपथ ग्रहण समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। समारोह में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।

## श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा,भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के श्याम मनोहर मंदिर में खाटू श्याम बाबा के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को श्याम भक्त मंडल, अकलतरा के तत्वावधान में भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर बाबा श्याम के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा प्रकट की।निशान यात्रा का शुभारंभ पंचदेव मंदिर, मुकीम उद्यान से हुआ। यात्रा जनपद पंचायत कार्यालय, अंबेडकर चौक, आजाद चौक और शास्त्री चौक होते हुए श्याम मनोहर मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्याम भक्त डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर नृत्य करते हुए हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा जैसे जयघोष लगाते रहे, जिससे पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।यात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में हाथों में निशान लेकर शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर विधि-विधान के साथ खाटू श्याम बाबा के विग्रह पर निशान अर्पित किए गए। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सायं 7:30 बजे बाबा की महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायकों ने मधुर श्याम भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रखा। रात्रि 9:00 बजे महाभोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए।



निशान यात्रा निकालते श्याम भक्त।

## नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण, शाखाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) विनय कुमार पोयाम ने सोमवार को अपना कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व श्री पोयाम ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे से सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त कीं।

कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थ सीईओ ने जिला पंचायत कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेनो कक्ष, आवक-जावक शाखा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), विकसित भारत-जी राम जी, सामाजिक अंकेक्षण शाखा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा, पंचायत कक्ष, समाज कल्याण कक्ष सहित अन्य शाखाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा अपने दायित्वों का निष्ठा, समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखाधिकारी रूपेश पाठक, जनपद पंचायत सीईओ सहित जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता और किसानों को केसीसी अल्पकालीन ऋण समय पर उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# खरीफ सीजन में किसानों को पानी की न हो कमी : महोबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को सिंचाई, खाद-बीज एवं अल्पकालीन कृषि ऋण की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, शेष एग्रीस्टैक पंजीयन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान की प्रभावी तैयारी, ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य संचालन तथा जेम पोर्टल सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने खरीफ फसल को देखते हुए किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को नहरों एवं अन्य सिंचाई स्त्रोतों की सतत निगरानी करते हुए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने कृषि विभाग, सीसीबी नोडल एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदानों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सहकारी समितियों एवं विक्रय केंद्रों में आवश्यकतानुसार खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण रहे तथा पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के अंतर्गत अल्पकालीन कृषि ऋण समय पर उपलब्ध कराया जाए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

